हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार,13 जून 2025

11 भाजपा के 11 वर्ष पूरे होने पर सरल केंद्र में लगाई भव्य प्रदर्शनी



14 भीषण गर्मी में दगा दे रही बिजली, आमजन का जीना बेहाल



CBSE बोर्ड, हरियाणा बोर्ड व अन्य किसी भी बोर्ड से फेल विद्यार्थी इसी वर्ष फेल विषयों की परीक्षा देकर साल बचाएं।
10th & 12th (NIOS) ओपन से पास करें।
D.R. GROUP OF INSTITUTIONS
महेन्द्रगढ़ नजदीक सतनाली चौक, नारनौल रोड़, महेन्द्रगढ़ Call us: 8059001617, 8059171616
कोसली बिजली बोर्ड के सामने, कोसली Call us: 9050676072
सभी कोर्स सरकारी यूनिवर्सिटी व बोर्ड से पास करें।
B.A., B.Com., B.Sc., M.A.,M.Sc. M.Com., Yoga Teacher, NTT, B.Ed., JBT, LLB, D. Pharmacy
- YOGA TEACHER TRAINING PROGRAMME
- CERTIFICATE IN AGRICULTURE AND ANIMAL HUSBANDRY
- CERTIFICATE IN COMPUTER APPLICATION
- CERTIFICATE IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION (NTT)
- CERTIFICATE IN BEAUTY CULTURE & HAIR CARE
- AYRVEDA AND YOGA
- DIPLOMA IN RADIOGRAPHY
- ELECTRICAL TECHNICIAN
- CERTIFICATE IN WELDING
- CERTIFICATE IN PANCHKARMA ASS.

।। तमसो मा ज्योतिर्गमय ।।
MR DEGREE COLLEGE
Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur (Rewari)
GET UPTO 100% SCHOLARSHIP
COURSE AVAILABLE
B.SC. (Medical) / B.SC. (Non-Medical)
B.A. / B.COM / M.SC. (Phy. & Chem.)
B.Ed. / JBT / D-PHARMA
ADMISSION OPEN
Session 2025-26
For Admission Visit College Campus
Bus Facility Available From All Routes
MITTERPURA (M/GARH) HRY.
9466886066, 9416903267, 9416903021
mrcollegemitterpura@gmail.com

## खबर संक्षेप

### टेक्सटाइल टेक्नोलोजी कोर्स के लिए आवेदन मांगे

**नारनौल।** भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर की ओर से शैक्षणिक सत्र के लिए डिप्लोमा इन हैंडलूम एंड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम में लेटरल एंट्री के तहत प्रथम व द्वितीय वर्ष में प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 17 जून तक ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला एमएसएमई केंद्र की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार यह कोर्स वस्त्र और हथकरघा तकनीक से संबंधित तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स है।

### समाधान शिविर में आई कुल 69 शिकायतें

**नारनौल।** समाधान शिविर में आने वाली शिकायत का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास करें। एक ही शिकायत बार बार समाधान शिविर में ना आएं। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार ने वीरवार को लघु सचिवालय में आमजन की शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को दिए। समाधान शिविर में कल 69 शिकायतें आई। एडीसी ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत का जिला स्तर व राज्य स्तर पर समीक्षा की जाती है। इस मौके पर नगराधीश मंजीत कुमार के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### गौशाला जड़वा में श्रीराम कथा का आयोजन आज से

**सतनाली मंडी।** श्री बांके बिहारी गौशाला जड़वा में शुक्रवार से 21 जून तक नौ दिवसीय श्रीराम कथा एवं दुर्लभ सत्संग का आयोजन किया जाएगा। कथाव्यास किशन महाराज के सान्निध्य में श्रीराम कथा व आनंद महाराज के सान्निध्य में सत्संग का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन प्रातः पांच बजे सेना व प्रवचन, भजन संकीर्तन दोपहर 12:30 बजे,श्रीराम कथा दोपहर एक से तीन बजे तक, सत्संग दोपहर तीन से 4:30 बजे तक आनंद महाराज के सान्निध्य में, आठ से नौ बजे तक प्रवचन किया जाएगा।

### हीट वेव के चलते उपायुक्त ने जारी की एडवाइजरी

**नारनौल।** मौसम विज्ञान विभाग चंडीगढ़ की ओर से हरियाणा में 11 से 14 जून तक भीषण गर्मी रहने की संभावना जताई है। ऐसे में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। डीसी ने कहा कि अत्यधिक गर्मी के कारण मानव व पशु पक्षियों का जीवन बहुत प्रभावित होता है। ऐसे में नागरिक गर्मी के सीजन में सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अधिकतम तापमान 46 से 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में इस क्षेत्र में गंभीर लू की स्थिति बन सकती है। ऐसी स्थिति में नागरिक पशु तथा पक्षियों के लिए भी पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था रखें। पक्षियों के लिए अधिक सकोरे रखें।

# मेडिकल कॉलेज नामकरण विवाद : नारनौल विधायक बोले..बदलाव हो, महेंद्रगढ़ विधायक व अटेली के पूर्व विधायक सरकार के हर फैसले के साथ

*प्रदेश सरकार ने महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज कोरियावास रखा नाम, कुछ लोग शहीद राव तुलाराम के नाम पर करने पर अड़े*

**नामकरण की राजनीति पर सत्ता पक्ष ने रखी अपनी निजी राय, भाजपा जिला अध्यक्ष भी सरकार के हर फैसले पर सहमत**

सतीश सैनी ▶▶| नारनौल

मेडिकल कॉलेज नामकरण का विवाद में अब सत्ता पक्ष से जुड़े कुछ नेताओं की निजी राय सामने आई है। दरअसल, वीरवार को केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा की ओर से प्रेसवार्ता हुई। इस प्रेसवार्ता में केंद्र सरकार की योजनाओं का बखान होने के बाद मीडिया ने मेडिकल कॉलेज नामकरण पर सत्ता पक्षा के इन नेताओं से निजी राय पूछी। इस निजी राय में नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव ने मेडिकल कॉलेज का नाम शहीद राव तुलाराम के नाम पर रखने की मंशा जाहिर की। इसके लिए उन्होंने जो प्रयास किए, उससे भी मीडिया को अवगत करवाया। वहीं महेंद्रगढ़ विधायक कंवरसिंह यादव, अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव और जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने इस मामले में सरकार के हर फैसले के साथ (बदलाव करें या ना करें) खड़े होने की बात कही। जब इन तीनों सतापक्ष से जुड़े नेताओं की मंशा विधायक ओमप्रकाश यादव ने भांपी तो प्रेसवार्ता में बिना राव इंद्रजीत सिंह का नाम लिए यहां तक कह दिया कि यह बात चुनाव के वक्त नेता बता सकते है कि वह किधर है। जब सभी लंबी पूंछ करके एक ही बात बोलेंगे। जब चुनाव आता है तो सब नेता सच सच बोलने लग जाते है। विधायक के इन शब्दों का अंदाजा यह लगाया जा रहा है कि जब चुनाव आएंगे तो टिकट के लिए नेता राव इंद्रजीत सिंह के दरवाजे पर दस्तक देंगे। उस वक्त नेता राव साहब की हर बात पर हां में हां मिलाते दिखाई देंगे।



**नारनौल।** प्रेसवार्ता में मौजूद सत्ता पक्ष ने नेता।

### बदले या ना बदले, हमें कोई एतराज नहीं : कंवर सिंह

महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव ने निजी राय में कहा कि जब मेडिकल कॉलेज का नाम पहले महर्षि च्यवन रखा है, उस बात से पलटेंगे तो सरकार की बात आएंगी। राव तुलाराम इस इलाके के ही नहीं पूरे हरियाणा का ऐसा नाम है, जिन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया है। मेरी राय यह है कि लोगों की अगर भावना है तो हमें कोई एतराज नहीं है। बदल दिया जाए तो कोई एतराज नहीं। यहीं नाम रहें तो भी कोई एतराज नहीं।

### सरकार जो फैसला करे मंजूर : सीताराम

अटेली से विधायक रहे सीताराम यादव ने अपनी राय दी कि दोनों बातें सरकार के संज्ञान में आ गई है। जो सरकार फैसला करेंगी हमें मंजूर है। जो सरकार करेंगे मेरी राय वहीं है।

### पहले भी ठीक, बदलाव करें तो भी कोई आपत्ति नहीं : यतेंद्र

जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने कहा कि यह राजनीतिक मुद्दा है। मैं तो संगठन का कार्य दे रहा हूं। जो भी सरकार व जनता का फैसला है, वह मान्य है। जो सरकार ने पहले किया, वह भी ठीक है और अगर सरकार नाम में बदलाव करती है तो उसमें भी कोई आपत्ति नहीं है।

### नारनौल विधायक ने बदलाव की मंशा जताई

कोरियावास मेडिकल कॉलेज के नामकरण के सवाल पर विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि कोरियावास मेडिकल कॉलेज के नामकरण का मुद्दा इन दिनों चल रहा है। ग्रामीण वहां धरना भी दे रहे हैं। उनकी मांग उचित होगी तो सरकार को मान लेनी चाहिए। मेरी निजी राय मानी जाए तो मेडिकल कॉलेज का नामकरण शहीद राव तुलाराम के नाम से कर देना चाहिए। यह लोगों की जनभावना भी है। जब मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास हुआ तब वह विधायक थे और मंच के माध्यम से भी उठाई थी। उस वक्त कहा गया कि जब मेडिकल कॉलेज शुरू होगा, यह विषय तब रहेगा। जब मुख्यमंत्री मनोहरलाल के जनसंवाद के कार्यक्रम के दौरान कोरियावास की पंचायत ने एक प्रस्ताव दिया। 70–80 गांवों के प्रस्ताव और लिए गए। उस वक्त मुख्यमंत्री ने कहा था कि आपका पक्ष संज्ञान में आ गया है। साल 1857 का स्वतंत्रता संग्राम हुआ। उसके नायक राव तुलाराम थे। विधायक ने कहा कि मेडिकल कॉलेज इस बार शुरू कर देंगे। सब तैयारियां चल रही है। स90 प्रतिशत स्टाफ की पूर्ति हो चुकी है। ओपीडी शुरू कर दी है। लैब व मशीनें फिट हो गए है। इस बार सितम्बर अक्टूबर में जब क्लास शुरू होती है, शुरू कर देंगे। जब काउंसलिंग के लिए जो मापदंड होते है, उस साइट पर च्वाइस ऑप्शन में कोरियावास मेडिकल कॉलेज मिलेगा।

## सरल पोर्टल की धीमी गति और सीईटी की तकनीकी दिक्कतें बनीं मुसीबत

# जाति सर्टिफिकेट से वंचित अभ्यर्थियों ने 'मजबूरन' सामान्य श्रेणी में किया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा में कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के आवेदन की अंतिम तिथि 12 जून होने के बावजूद तकनीकी खामियों के चलते हजारों युवा फॉर्म भरने से वंचित रह गए है। खासकर जाति प्रमाण पत्र न बन पाने और ऑनलाइन पोर्टल की लगातार समस्याओं ने युवाओं की परेशानी बढ़ा दी है। युवाओं का आरोप है कि सरकार की लापरवाही के कारण उन्हें सामान्य श्रेणी में आवेदन करने पर मजबूर होना पड़ा है। सीईटी आवेदन की प्रक्रिया 28 मई को शुरू हुई थी और इसकी अधिसूचना 26 मई को जारी की गई थी जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि एक अप्रैल के बाद बने जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। अधिसूचना जारी होते ही युवाओं ने जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करना शुरू कर दिया लेकिन 27 मई से ही सरल पोर्टल या तो बहुत धीमा काम कर रहा है। इस वजह से बड़ी संख्या में युवाओं के जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पाए जिससे वे सीईटी फॉर्म नहीं भर पाए। युवाओं का कहना है कि उन्हें आवेदन से वंचित रखने की सीधी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की है। यदि सरल पोर्टल सही समय पर जाति प्रमाण पत्र जारी करता तो सभी युवा अंतिम तिथि से पहले आवेदन पूरे कर चुके होते। सीएससी संचालक राकेश ने बताया कि सरल पोर्टल बीती रात केवल 2:50 से तीन बजे तक ही सही चला। इसके बाद पोर्टल बिल्कुल बंद रहा। इसे सीएससी संचालक और युवा दोनों परेशान रहे।



**नारनौल।** रातभर जाकर आवेदन करते युवा।

### ओटीपी की लुका-छुपी और सर्वर की मनमानी

*युवा मनोज कुमार, गुरुवचन, कृष्ण कुमार और पंकज कुमार ने बताया कि रात के समय आवेदन करने के लिए उन्होंने काफी कोशिश की, लेकिन सीईटी साइट पर ईमेल के जरिए रात 9:30 बजे से एक बजे तक ओटीपी ही नहीं आए। इस कारण उन्हें रातभर जागकर फॉर्म भरने की मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने यह भी बताया कि यदि तीन बार से अधिक पंजीकरण का प्रयास किया जाता तो यूजर को एक घंटे के लिए ब्लॉक कर दिया जाता था। स्वयं एचएसएससी के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से देर रात ओटीपी में देरी की सूचना जारी की थी। इसके बाद युवाओं को ओटीपी आने का एक घंटे इंतजार करना पड़ा और रात एक बजे से सर्वर सुचारु रूप से चला। 12 जून को दिनभर भी ओटीपी का यह खेल जारी रहा।*

### सीधी चेतावनी: सत्ता पक्ष का गांवों में करेंगे विरोध

*सीईटी फॉर्म की अंतिम तिथि न बढ़ने और सरल पोर्टल व सीईटी पोर्टल की खामियों से नाराज युवाओं ने भाजपा नेताओं पर नाराजगी जाहिर की है। युवाओं ने बताया कि सरकार के इन पोर्टलों की वजह से वे सीईटी फॉर्म के आवेदन नहीं कर पाए। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि जब सरकार के नुमाइंदे गांवों में आएंगे तो वे उनका जोर-शोर से विरोध करेंगे और इस अन्याय का जवाब मौके पर ही देंगे।*

### क्या कहते है विधायक

*इस संबंध में मीडिया से सवाल का जवाब देते हुए विधायक ओमप्रकाश यादव ने भी इस मामले पर संज्ञान लेते हुए कहा है कि कोई भी बच्चा सीईटी फॉर्म भरने से वंचित नहीं रहेगा और उन्होंने सरकार से अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की है।*

# अटेली व बेगपुर पंचायत में जमीन को लेकर विवाद

- बेगपुर की ग्राम पंचायत व मंदिर के महंत ने ग्रामीणों के साथ आरती राव मंत्री के कार्यालय व एसपी को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली व बेगपुर गांव में पिछले एक सप्ताह से तनाव की स्थिति बनी हुई है। ग्राम पंचायत अटेली में स्टेडियम बनाने के लिए उस जमीन पर तार बाड़ लगा कर उस पर क्रीडा स्थल का बोर्ड लगा दिया है। वही ग्राम पंचायत बेगपुर व ग्रामीणों का कहना है कि यह जमीन मंदिर ठाकुर दास की है। जिस पर कुछ लोग कब्जा करना चाहते हैं। वीरवार को बेगपुर की ग्राम पंचायत, मंदिर के महंत व महामंडलेश्वर रामेश्वर दास, गांव के सैकड़ों लोगों ने पुलिस अधीक्षक के अलावा मंत्री आरती राव के कार्यालय पर उनके सचिव गोविंद गोस्वामी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की।

अटेली के सरपंच देवव्रत ने कहा कि ग्राम पंचायत यहां पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए क्रीडा स्थल बनाना चाहती है। ग्राम पंचायत बेगपुर के सरपंच रणवीर सिंह ने बताया कि मंदिर ठाकुर दास की जमीन पर कुछ लोग कब्जा करना चाहते है। इतना ही नहीं इस जमीन पर अटेली के सरपंच अपने साथियों से मिलकर इस पर तार बाड़ लगाकर स्टेडियम का बोर्ड जबरदस्ती से लगा दिया। इस कारण पूरे बेगपुर के लोगों में रोष है।

### धैर्य से काम करें

वही अटेली थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने कहा कि पुलिस क्षेत्र में कानून व्यवस्था नहीं बिगड़ने दी जाएगी। किसी भी ग्राम पंचायत के साथ गलत नहीं होने दिया जाएगा। दोनों गांवों के लिए शांति व धैर्य से काम करे। ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच रणबीर, महामंडलेश्वर रामेश्वदास, पूर्व सरपंच सुमेर सिंह, सोनू, प्रवीण कुमार, सुनील सेठी, महंत रामपाल दास, देवपाल, दशरथ, सुरेंश नंबरदार, बस्तीराम, संजीव कुमार, नितेश, अजय मौजूद रहे।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष की दौड़ शुरू, जिनकी चाह उन उम्मीदवारों से एक–एक करके मिले पर्यवेक्षक

# चार दिन पर्यवेक्षक हर कार्यकर्ता से मिलेंगे, फिर पेश करेंगे संभावित प्रत्याशी की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

कांग्रेस पार्टी का 11 साल बिना संगठन का चल रहा अकाल अब खत्म होने की दिशा में बढ़ता दिख रहा है। जिला अध्यक्ष का चयन करने के लिए कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान चलाया है। इसी के तहत जिला, मंडल व फिर बूथ स्तर पर कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसी के चलते वीरवार को कांग्रेस के महेंद्रगढ़ जिला के आल इंडिया कांग्रेस कमेटी प्रभारी सांसद कुलदीप इंदौरा नारनौल पहुंचे और जिला अध्यक्ष की दौड़ में जुटे एक–एक उम्मीदवारों से अलग–अलग बंद कमरे में बातचीत की। आपको बताते चले कि राजस्थान के गंगानगर के सांसद कुलदीप इंदौरा जिले में चार दिनों तक रहेंगे। जिसके तहत वे जिला की चारों विधानसभा महेंद्रगढ़, अटेली, नांगल चौधरी व नारनौल में कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। पहले दिन उन्होंने जिला भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस पूरे देश में अपने संगठन को मजबूत कर रही है। इसी के चलते संगठनात्मक चुनाव कराए जा रहे हैं। ये चुनाव सभी की सहमति से विचार विमर्श कर किए जा रहे हैं। गुजरात में भी उन्होंने ये चुनाव कराए हैं। वहां पर 30 साल से कांग्रेस सत्ता में नहीं आई है। इसलिए वहां से चुनावों की शुरुआत की गई।

उन्होंने कहा कि ये चुनाव पूरी निष्पक्षता से होंगे तथा अगले महीने के पहले सप्ताह तक जिला प्रधान की घोषणा कर दी जाएगी। इसके बाद ब्लाक स्तर पर भी पदाधिकारी बनाए जाएंगे। वह चार दिन तक जिला में रहेंगे। इस दौरान वे कांग्रेस कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेंगे। इसे तहत वे वर्तमान व पूर्व विधायक, सांसद, अग्रिम संगठनों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों व पंचायती राज के निर्वाचित सदस्यों से कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इस मौके पर विधायक मंजू चौधरी, पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह, पूर्व सीपीएस राव दान सिंह, कांग्रेस की महिला जिला प्रधान राजवती देवी, अक्षत राव, प्रदीप यादव एडवोकेट, कैलाश सोनी, मनपाल पटीकरा, समेत अनेक लोग मौजूद रहे।




**नारनौल।** मीडिया से बातचीत करते पर्यवेक्षक के तौर पर आए सांसद कुलदीप इंदौरा।

### ब्लाक कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक कल

*14 जून शनिवार को वे अटेली विधानसभा के कनीना, नारनौल विधानसभा तथा महेंद्रगढ़ विधानसभा के सतनाली में ब्लाक कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक व प्रमुख नेताओं से मुलाकात करेंगे। 15 जून को वे नांगल चौधरी विधानसभा में निजामपुर तथा अटेली विधानसभा में बैठक लेंगे। जहां ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।*



चाइल्ड आर्टिस्ट्स

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है। बच्चों के लिए उसके पापा किसी सुपर हीरो से कम नहीं होते। फादर्स-डे के मौके पर कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स बता रहे हैं कि किन खूबियों की वजह से वे अपने पापा को दुनिया का बेस्ट पापा मानते हैं। साथ ही ये चाइल्ड आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं कि इस बार फादर्स-डे कैसे सेलिब्रेट करेंगे।

# माय पापा इज द बेस्ट

## पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूड: आर्यन प्रजापति





**आर्यन प्रजापति** एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक का रोल प्ले कर रहा है, जो दर्शकों को खूब भा रहा है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, हंसते हुए बताता है, 'मैं एक कार्ड बना रहा हूं, जिसमें मैं पापा के लिए अपनी फीलिंग्स लिखूंगा। साथ ही मैं उनका फेवरेट केक भी लाऊंगा। हम सब मिलकर घर पर छोटा सा सेलिब्रेशन करेंगे। पापा को क्रिकेट बहुत पसंद है, तो मैंने सोचा है कि हम दोनों मिलकर पास के मैदान में क्रिकेट खेल कर थोड़ा टाइम स्पेंड करेंगे। इस फादर्स-डे मैं अपने पापा को यह जताना चाहता हूं कि वो मेरे लिए बहुत स्पेशल हैं।' पापा की वो बात जो आर्यन के लिए जिंदगी भर के लिए सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा अकसर कहते हैं कि जब हम अपना काम पूरी मेहनत, ईमानदारी से करते हैं तो सफलता निश्चित ही मिलती है।' आर्यन के लिए उसके पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा की सबसे बड़ी खासियत है उनका पेशेंस और पॉजिटिव एटिट्यूड। चाहे कितनी भी बड़ी टेंशन हो, वो हमेशा शांत रहते हैं। बहुत ही सुलझे तरीके से सिचुएशन को हैंडल करते हैं। वो ना सिर्फ एक अच्छे पापा हैं, मेरे बेस्ट फ्रेंड और मेंटर भी हैं। मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा बहुत हार्डवर्किंग हैं आरिया सकारिया



**सोनी सब** के शो 'तेनाली रामा' में लछमा का रोल कर रही आरिया सकारिया फादर्स-डे को लेकर काफी उत्साहित है। इस बार फादर्स-डे पर उसकी क्या प्लानिंग है, आरिया बताती है, 'इस दिन मैं अपने पापा को लेकर बाहर घूमने जाऊंगी। हम बाहर ही ब्रेकफास्ट करेंगे, शॉपिंग करेंगे और मूवी देखेंगे।' पापा की कोई ऐसी बात, जो आरिया के लिए जिंदगी भर का एक सबक बन गई हो, यह पूछने पर वह बताती है, 'मेरे डैड ने मुझे सिखाया है कि लाइफ में कोई भी प्रॉब्लम आ जाए, कभी हार मत मानना, क्योंकि कोई भी ऐसी प्रॉब्लम नहीं है, जिसका सॉल्यूशन न हो। पापा की यह बात मेरी जिंदगी का बहुत बड़ा सबक है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी।' आरिया की नजर में उसके पापा की वह क्वालिटी, जो उन्हें बेस्ट पापा बनाती है, वह बताती है, 'मेरे डैड की सबसे अच्छी क्वालिटी यह है कि वो मेरी मॉम की बहुत रेस्पेक्ट करते हैं। वह हर काम में मां की हेल्प करते हैं। मेरे पापा बहुत हार्ड वर्किंग हैं। चाहे जितना भी थक गए हों, वो हमारे साथ जरूर टाइम स्पेंड करते हैं! इन्हीं वजहों से मेरे पापा दुनिया के बेस्ट पापा हैं।' *

## पापा ने दी है सीख कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए : अहनाफ खत्री



**जी टीवी** के शो 'कुमकुम भाग्य' में कीर्तन की भूमिका निभा रहा अहनाफ खत्री के लिए उसके पापा उसकी लाइफ में सबसे इंपॉर्टेंट हैं। वह कहता है, 'मुझे अपने पापा से बहुत प्यार है, वो मेरे लिए खुद से भी ज्यादा इंपॉर्टेंट हैं।' अहनाफ ने इस बार फादर्स-डे पर क्या कुछ खास प्लान कर रखा है, वह बताता है, 'अबकी मैं फादर्स-डे बहुत स्पेशल तरीके से सेलिब्रेट करूंगा। मैं अपने पापा के साथ घूमने जाऊंगा। हमारे साथ कोई और नहीं होगा, सिर्फ मैं और मेरे पापा होंगे। मेरे पापा को नाइनटीज के गाने बहुत पसंद हैं। इसलिए मैंने पापा के लिए एक स्पीकर मंगवा लिया है। यह फादर्स-डे पर मेरी तरफ से पापा के लिए सरप्राइज गिफ्ट होगा।' अहनाफ से यह पूछने पर कि वह अपने पापा की कोई ऐसी क्वालिटी बताए, जो उन्हें वर्ल्ड का बेस्ट पापा बनाती है, वह तुरंत जवाब देता है, 'कोई एक क्वालिटी नहीं, पापा की सारी क्वालिटीज उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं।' अहनाफ के लिए पापा की बताई कौन-सी बात उसके लिए बहुत बड़ा सबक है, वह बताता है, 'मेरे पापा मुझसे हमेशा कहते हैं- 'ट्राय ट्राय टिल यू सक्सीड और कभी गिव-अप नहीं करना, चाहे जो भी हो जाए। मुझे उनकी ये बात हमेशा याद रहेगी।' *



## वह मेरे आइडियल, मेरे बेस्ट फ्रेंड हैं: उर्वा सावलिया



**उर्वा सावलिया** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के पीरियड ड्रामा 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' में पृथ्वीराज चौहान के बचपन का रोल निभा रहा है। उर्वा की इस बार फादर्स डे पर क्या प्लानिंग है, इस सवाल पर वह जवाब देता है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैने अपनी मम्मी के साथ मिलकर अपने पापा के लिए एक खास सरप्राइज प्लान किया है, लेकिन इसे अभी बताऊंगा नहीं, बता दिया तो सरप्राइज कैसा।' उर्वा अपने पापा की वो क्वालिटीज बताता है, जो उन्हें वर्ल्ड्स बेस्ट पापा बनाती हैं। वह कहता है, 'मेरे पापा हमेशा से मेरे लिए हीरो रहे हैं। उनके मार्गदर्शन ने मुझे हर मुश्किल घड़ी में रास्ता दिखाया और एक ताकत दी है। मेरे पापा ना सिर्फ मेरे आइडियल हैं, बल्कि मेरे बेस्ट फ्रेंड भी हैं। मुझे उनकी सादगी सबसे ज्यादा पसंद है। उसी सादगी और संयम को मैं भी अपनाना चाहता हूं। मेरे पापा मेरे लिए एक पावर हाउस की तरह हैं।' *



प्रस्तुति: बालभूमि फीचर्स

फीलिंग्स / मोनिका शर्मा

## पापा को दो प्यार भरा सरप्राइज

बच्चो, हर साल की तरह इस बार भी तुमने जरूर फादर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग की होगी। इस प्लानिंग के साथ तुम कुछ अलग तरीके से फादर्स-डे सेलिब्रेट कर अपने लविंग पापा को सरप्राइज कर सकते हो। कैसे, जानो।



बच्चो, तुम्हारे हर स्पेशल दिन पर सरप्राइज देने वाले पापा को फादर्स-डे पर तुम भी सरप्राइज दे सकते हो। पापा के दिल को छू जाने वाला कुछ करके, तुमको भी बहुत खुशी मिलेगी। पापा के लिए तो यह सदा के लिए एक यादगार दिन बन जाएगा। इस बार फादर्स-डे पर पापा को हैप्पी और डिलाइटफुल, आश्चर्य में डालने वाले प्यारे काम करना ना भूलना।

**प्यारा वीडियो मैसेज:** पापा तुमको सुपरहीरो लगते हैं या लविंग-केयरिंग डैडी। साथ मस्ती करने वाले दोस्त जैसे लगते हैं या सलाह देने वाले गाइड। रोल मॉडल हैं या सहज प्यारे से पर्सन। वीडियो में खुलकर हंसते-मुस्कुराते हुए अपने पापा के लिए सब कुछ कह डालो। फादर्स-डे के खास दिन पर विश करते हुए अपने मन की बातें कहने वाला वीडियो पापा को सचमुच स्पेशल फील करवाएगा। अपनी सी बातों को समेटते हुए यूनीक सा वीडियो मैसेज बनाने का आइडिया कमाल कर जाएगा। फादर्स-डे को अलग अंदाज में सेलिब्रेट करने का अंदाज पापा को खूब खुशी देगा।



**लिखो दिल छूने वाला पत्र:** पेंसिल पकड़ने से लेकर अच्छे से पढ़ने-लिखने तक, तुम्हारी सीखने-समझने की जर्नी का हर दिन पापा के लिए भी बहुत खास होता है। इसीलिए तुम्हारी अपनी हैंडराइटिंग में लिखे लेटर का हर अक्षर पापा के लिए अनमोल होगा। साथ ही तुम्हारी लिखी बातें सदा के लिए एक सहेजने वाला गिफ्ट बन जाएंगी। इस बार डैडी के लिए प्यार, रेस्पेक्ट और प्यारी-प्यारी मेमोरीज को पत्र में लिख डालो। अपने लिखे पत्र में इमोशंस को प्रेजेंट करने के लिए इमोजी भी बनाओ। चुपचाप पापा की अलमारी या तकिए के नीचे अपना पत्र रख दो। इस तरह लिखी गई बातों को पढ़ कर पापा के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी।

**आर्टिस्टिक एक्सप्रेशन:** तुम्हारे रंग-बिरंगे चित्र और आड़ी-तिरछी रेखाएं पापा को खूब भाती हैं। इस बार अपने हाथ से सुंदर सा फादर्स-डे कार्ड, पेंटिंग या एक आर्टिस्टिक पीस बनाकर पापा को देना मत भूलना। अपने बनाए आर्ट पीस को सुंदर स्टिकर से सजाकर प्यारा सा मैसेज भी दे सकते हो। कार्ड पर अपने हाथ से बनाई सिंपल पेंटिंग भी बना सकते हो। कोई भी आर्टवर्क डैडी के लिए एक परफेक्ट होममेड गिफ्ट होगा, अफेक्शन से भरा अट्रैक्टिव उपहार। बच्चो, पापा ऐसी बातों को खुलकर बताते नहीं हैं पर तुम्हारा बनाया आर्ट-क्राफ्ट पापा के लिए प्यार जताने का सबसे सुंदर तरीका है। इसे जब भी पापा देखेंगे, उनके चेहरे पर स्माइल आ जाएगी। *

## जीके क्विज-157

1. हाल ही में चर्चा में रहे डी. गुकेश का संबंध किस खेल से है?
2. 51वां जी 7 शिखर सम्मेलन किस देश में आयोजित किया जाएगा?
3. संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र का अध्यक्ष किसे चुना गया है?
4. स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान 'दिल्ली चलो' का नारा किसने दिया था?
5. हीराकुंड बांध किस राज्य में स्थित है?
6. सर्वप्रथम किस विदेशी यात्री ने भारत की यात्रा की थी?
7. कनाडा की राजधानी कहां है?
8. रतौंधी रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
9. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
10. मानव शरीर का कौन-सा अंग खून साफ करने का काम करता है?



बच्चो, जीके क्विज-157 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-156 का उत्तर:** 1.ओपल सुचाता चुआंगसरी, 2.रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, 3.शुभमन गिल, 4.वी. एस. रामादेवी, 5. 21 जून, 6.मौलाना अबुल कलाम आजाद, 7.गोवा, 8.जापान, 9.वेलिंगटन, 10.क्लोरोफ्लोरोकार्बन

**जीके क्विज-156 का सही उत्तर देने वाले:** निलेश-जांजगीर, मुकेश-बिलासपुर, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, सौरभ-बिलासपुर, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, आशीष-भोपाल

## हंसगुल्ले

**पापा:** लड़के को अंग्रेजी में 'ही' कहते हैं, तो कई लड़कों को अंग्रेजी में क्या कहेंगे?
**सोनू (कुछ देर सोचने के बाद):** पापा, जितने लड़के होंगे, उतने 'ही ही ही ' कहेंगे।

**-गोपी, बिलासपुर**

**एक यात्री रेलगाड़ी से उतरा। उसने स्टेशन पर खड़े रिंकू से पूछा:** यह कौन-सा स्टेशन है?
**रिंकू:** अंकल, यह रेलवे स्टेशन है।

**राशि, रायपुर**



**चुन्नू बर्फ का टुकड़ा उठा कर उसे घूरे जा रहा था...**
**पापा ने पूछा:** क्या देख रहे हो?
**चुन्नू:** देख रहा हूं कि यह लीक कहां से हो रहा है?

**-कोकिला, रोहतक**



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

## कितने अच्छे पापा!

विपुल को यही लग रहा था कि सोसाइटी में होने वाले शतरंज का फाइनल मैच हार जाएगा, जबकि वह कई बार फाइनल मैच जीत कर शतरंज बालश्री का पुरस्कार पा चुका था। इधर दो बार से वह फाइनल मैच में हार जा रहा था। लेकिन पापा ने उसकी जीत के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश की। क्या इसके बाद विपुल फाइनल मैच में विजयी हुआ?



शनिवार की सुबह थी। विपुल बहुत बेचैन था। उसकी बेचैनी का कारण जून महीने की गर्मी नहीं थी। वह इसलिए बेचैन था, क्योंकि अगले दिन इतवार को उसका शतरंज का फाइनल मैच था। उसे डर लग रहा था कि कहीं पिछली दो बार की तरह इस बार भी वह फाइनल मैच में हार न जाए।

विपुल जिस हाउसिंग सोसाइटी में रहता है, उसमें बहुत सारे फ्लैट हैं। उस सोसाइटी में हर वर्ष जून और दिसंबर की स्कूल की छुट्टियों में बच्चों के लिए खेल-कूद की अनेक प्रतियोगिताएं होती हैं। विपुल शतरंज की प्रतियोगिता में भाग लेता है। वह फाइनल में जीतकर शतरंज बालश्री का पुरस्कार कई बार पा चुका है। लेकिन पिछले साल जून और दिसंबर में हुई शतरंज प्रतियोगिता में जीतते-जीतते वह फाइनल तक तो पहुंच गया था, पर फाइनल मैच में हार गया था। इसलिए उसे डर सता रहा था कि वह कहीं इस बार भी हार न जाए। वह इसी सोच में गुमसुम-सा बैठा था। तभी विपुल के पापा उसके पास आए और बोले,'बेटा, आज तो मेरे ऑफिस की छुट्टी है। चलो, शतरंज खेलते हैं।'

विपुल के पापा शतरंज के बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने शतरंज की कई बड़ी प्रतियोगिताओं में बहुत से पुरस्कार जीते हैं। विपुल आज तक पापा से शतरंज में जीत नहीं पाया है। पापा के साथ खेलते हुए उसे लग रहा था कि वह आज भी हार जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कुछ देर बाद वह जीत गया और पापा हार गए।

विपुल की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था, क्योंकि वह पहली बार पापा से जीता था। तभी पापा बोले, 'आओ, एक बाजी और खेलते हैं।' इस बार तो विपुल को पूरी उम्मीद थी कि वह हार जाएगा, लेकिन इस बार भी वह जीत गया। उस दिन शाम तक विपुल ने पापा के साथ शतरंज की आठ बाजियां खेलीं और सभी में वह जीत गया। यह देख पापा विपुल से बोले, 'बेटा, अगर तुम मुझे हरा सकते हो तो फिर कल के मैच में एक बच्चे को क्यों नहीं हरा सकते?'

विपुल को अब अपने आप पर विश्वास हुआ कि वह कल का मैच जीत सकता है।

अगले दिन जब शतरंज का फाइनल मैच शुरू हुआ तो विपुल के पापा भी मैच देखने गए। पापा को अपने आस-पास पाकर विपुल पूरे आत्मविश्वास से खेलने लगा और दूसरे बच्चे को हराकर जीत भी गया। दोपहर बाद प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित हुए और विपुल को शतरंज बालश्री पुरस्कार प्रदान किया गया। घर आते हुए खुशी के मारे उसके पांव जमीन पर नहीं पड़ रहे थे।

शाम को पापा को बस से भोपाल के लिए निकलना था। लगभग बारह घंटे की बस यात्रा थी। अगले दिन सुबह से वहां उनकी एक हफ्ते की सरकारी ट्रेनिंग थी। खाना खाते हुए विपुल ने पूछा, 'पापा, आप वापस कब आएंगे?'

'इतवार सुबह की राजधानी ट्रेन से आऊंगा। इस ट्रेन में तो सात घंटे ही लगेंगे। दोपहर बाद तक घर पहुंच जाऊंगा।' पापा ने जवाब दिया। यह सुनकर विपुल बोला,'पापा, आप राजधानी से वापस आएंगे तो फिर राजधानी से ही क्यों नहीं गए? बस से तो टाइम भी ज्यादा लगेगा और बस में गर्मी और भीड़-भाड़ भी होगी। आप ठीक तरह से सो भी नहीं पाएंगे। कल सुबह भोपाल पहुंचेंगे तो बिना आराम किए आपको ट्रेनिंग के लिए जाना होगा।'

'हां, यह तो है।' पापा बहुत आहिस्ता से बोले।

'पापा, आप आज दिन में राजधानी से जाते तो आराम से एसी ट्रेन का सफर करते और रात को ठीक तरह से सो भी पाते।' विपुल की इस बात का पापा ने कोई जवाब नहीं दिया और चुपचाप खाना खाते रहे।

तभी मम्मी बोलीं, 'बेटा, तुम्हारे पापा आज सुबह इसलिए ट्रेन से नहीं गए ताकि वे मैच जीतने के लिए तुम्हारा हौसला बढ़ा सकें।'

यह सुनकर विपुल बहुत भावुक हो उठा, बोला, 'पापा, आप मेरे लिए इतना कष्ट सहकर जाएंगे भोपाल, जबकि आप बड़े आराम से ट्रेन से जा सकते थे।' मम्मी फिर बोलीं, 'और यह जो कल तुमने अपने पापा को आठ बार हराया है न, यह भी कोई अपने-आप नहीं हो गया। तुम्हारे पापा शतरंज के इतने अच्छे खिलाड़ी हैं कि बड़े-बड़े खिलाड़ी इनसे नहीं जीत पाते, लेकिन तुम इनसे कैसे जीत गए, वह भी एक ही दिन में लगातार आठ बार! सोचा क्या तुमने?'

मम्मी की बात सुनकर विपुल सोच में पड़ गया। मम्मी आगे बोलीं, 'बेटा, यह भी तुम्हारे पापा की ही सोची-समझी तरकीब थी। ये जानबूझकर तुम से आठ बार हारे थे ताकि तुम्हारा आत्मविश्वास लौट आए और तुम आज का फाइनल मैच जीत सको।'

मम्मी की बात सुनकर विपुल उठा और पापा के गले लगकर बोला, 'पापा, आप कितने अच्छे हैं..!'

पापा भी प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरने लगे। *



कविता / देवी प्रसाद गौड़

## मेरे फौजी पापा

सदा फूल से खिलते पापा,
हंसते-हंसते घर में आते।
कहां छुपी है परी हमारी,
सबसे पहले मुझे बुलाते।।
जब भी पापा घर में आते,
तरह-तरह की टॉफी लाते।
मधुर मंद मुस्काते जाते,
एक-एक कर मुझे दिखाते।।
टॉफी देख पंख लग जाते,
मैं घर में उड़ने लग जाती।
पापा के कंधे पर बैठी,
भैया से लड़ने लग जाती।।
सर चढ़ी लाड़ली पापा की,
मां, मुझको आंख दिखाती है।
कभी प्यार से कभी झगड़ कर,
भैया का हिस्सा खाती है।।
पापा कहते सब बच्चों में,
बिटिया लगती मुझको प्यारी।
बहुत गर्व है मुझको इस पर,
इसकी बातें सबसे न्यारी।।
रोज सबेरे मुझसे कहती,
पापा मेरी गुल्लक खुलवाओ।
उसमें पैसे और मिलाकर
अच्छी सी बंदूक मंगाओ।।
सुबह-शाम टीवी पर सुनती,
सिंदूरी मान बढ़ाऊंगी।
फौजी पापा की बेटी हूं,
सीमा पर लड़ने जाऊंगी।।
बहुत खुशी है मुझको बिटिया,
सपना साकार कराऊंगा।
अभी बड़ी हो जाओ लाड़ो,
तुमको कप्तान बनाऊंगा।।

## रंग भरो-177

रंग भरो-177 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





श्याम, धमतरी



वसनि, रायपुर



सानवी, अंबिकापुर



रितेश, मटियारी



मिष्ठी, महासमुंद



डिंपल, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आतिया-बहादुरगढ़, अंकित-धमतरी, अथर्व-बिलासपुर, डॉली-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, रुपाली-दिल्ली, ट्विंकल-महेंद्रगढ़, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा

## रंग भरो 178

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में भाई-बहन फादर्स डे सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस प्यारे से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



तुम्हारे लिए किताब / सुधा श्रीवास्तव

## जीवन पथ-प्रदर्शित करती कहानियां




फादर्स-डे के आस-पास पापा से जुड़ी कोई कहानी मिल जाए तो तुम झटपट पढ़ डालोगे। असल में हर बच्चा अपने पापा से भावनात्मक रूप से बहुत जुड़ा होता है। पापा की सीखें, जीवन में पथ-प्रदर्शक का काम करती हैं, बाधाओं को दूर करती हैं, खुशियों से भरती हैं। इंदिरा त्रिवेदी का कहानी संग्रह 'पापा ने सही कहा था' की शीर्षक कहानी पढ़ते समय यही महसूस होता है। कहानी में मिनी परीक्षा नहीं देना चाहती है, क्योंकि उसने सही ढंग से तैयारी नहीं की है। लेकिन उसके पापा प्यार से समझाते हैं, 'तो क्या हुआ बेटा, क्लास में तुमने जो कुछ भी सुना-समझा हो, जो भी जानकारी हो, परीक्षा में आए प्रश्नों के उत्तर अपनी भाषा में लिख देना।' पापा को विश्वास है, मिनी होशियार है, प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखेगी और अच्छे अंक लाएगी। होता भी यही है। मिनी को समझ में आ जाता है कि बड़े लोग अपने जीवन अनुभव के आधार पर जो कहते हैं, सही कहते हैं। यह भी सही है कि कोशिश करने वाले असफल नहीं होते। इस संग्रह में कुल बारह कहानियां हैं। इन कहानियों में पैरेंट्स, बच्चों को जीवन की जरूरी सीख ही नहीं देते, उन्हें संस्कारवान भी बनाते हैं। संग्रह की कहानियां पढ़ते समय बच्चो, तुम्हें लगेगा, ये तुम्हारे आस-पास की अपनी कहानियां हैं। *

***किताब :** पापा ने सही कहा था, **लेखिका :** इंदिरा त्रिवेदी, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक :** भव्या पब्लिकेशन, भोपाल*

## खबर संक्षेप



### तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल शिविर का शुभारंभ

**नांगल चौधरी।** युवाओं में मोबाइल का नशा बहुत तेजी से बढ़ रहा है, जिसकी गिरफ्त में फंसने वालों को मानसिक तनाव व चिड़चिड़ापन का खतरा बढ़ गया, साथ ही पीड़ित को ब्रेन ट्यूमर भी संभव है। बचाव के लिए सावधानी पूर्वक व जरूरत के अनुसार मोबाइल का इस्तेमाल करना चाहिए। उक्त विचार आयुष विभाग के चिकित्सक ललित मोहन जोशी ने तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल शिविर में व्यक्त किए हैं। शिविर का शुभारंभ जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशिबाला व नोडल अधिकारी मनोज कुमार एसडीएम के दिशानिर्देशों में किया गया।

### अवैध हथियार सप्लाई करने वाला काबू

**नारनौल।** सीआईए महेंद्रगढ़ टीम ने अवैध हथियार सप्लाई करने वाले एक आरोपित कुलदीप वासी बास खुडाना को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपित से पूछताछ में पुलिस ने एक देसी पिस्टल बरामद की है। आरोपित के खिलाफ पहले भी करीब 18 मामले दर्ज हैं।

### बेवल के ग्रामीणों ने लगाई छबील

**कनीना।** कनीना नारनौल सड़क मार्ग स्थित गांव बेवल में ग्रामीणों ने छबील लगाकर यात्रियों को ठंडा मीठा नींबू पानी पिलाया। बाबा समाधवाला समिति सदस्यों के सहयोग से पानी पिलाकर यात्रियों का गला तर किया। बढ़ते तापमान से तपती सड़क से गुजरते वाहन चालक विनोद भारद्वाज, विजय शर्मा, अजय कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से नींबू पानी पीकर राहत महसूस की।

### राहगीरों को पिलाया मीठा व ठंडा जल

**महेंद्रगढ़।** गांव अगिहार में प्राचीन शिव मंदिर के नजदीक भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल मीठे पानी की छबील लगाई। इस अवसर पर मनोज कौशिक, साहिल कौशिक, हरिश कौशिक, वंश कौशिक, पं. दीपक कौशिक, पारस शर्मा, राकेश शर्मा, मनदीप शर्मा ने भी राहगीरों को शीतल जल पिलाया।

### हुड्डा ग्राउंड में योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजित

**महेंद्रगढ़।** ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा एसडीएम अनिल कुमार यादव की अध्यक्षता में स्थानीय हुड्डा ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 14 जून तक चलेगा। शिविर में नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी कर योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। एसडीएम अनिल कुमार यादव ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है और यह आत्म-संतुलन, मानसिक और शारीरिक स्फूर्ति का माध्यम है।

### अटेली में जागरूकता यात्रा निकाली

**मंडी अटेली।** अटेली शहर में योग जन जागरण अभियान के तहत खिलाड़ियों, छात्रों व सामाजिक संगठन के लोगों के द्वारा योग जनजागरण जागरूकता यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के दौरान स्कूल के छात्रों के द्वारा जगह योग करके शहर के लोगों को उनके फायदे के बारे में बताया। इस योग जन जागरण यात्रा के दौरान जगह-जगह पर शहर के लोगों द्वारा स्वागत किया गया और यह यात्रा पुरानी मंडी के झंडा चौक से आरंभ होकर मंत्री कार्यालय पर आकर संपन्न हुई। यात्रा में वाईस चेयरमैन राम किशन, वार्ड नंबर एक शर्मीला देवी के पति आनन्द शर्मा, अंशुल गर्ग ने स्वास्थ्य मंत्री के कार्यालय पर इस यात्रा शामिल सभी लोगों शिकंजी पिलाई व उनका स्वागत किया।

---

*डीसी ने किया रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साइफन का निरीक्षण*

# महेंद्रगढ़ कनीना स्टेट हाईवे पर उन्हाणी के समीप लंबे समय से सड़क जर्जर, चार मौत के बाद लोकनिर्माण विभाग ने हाल ही में बनाए थे दो स्पीड ब्रेकर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कनीना

कनीना महेंद्रगढ़ स्टेट हाईवे नम्बर 24 पर उन्हाणी के समीप रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी की लीकेज साइफन से क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग के चलते घटित सड़क हादसे में नौ युवकों की मौत के बाद भले ही लोकनिर्माण निर्माण ने दो स्पीड ब्रेकर बनवा दिए, लेकिन नहर विभाग की ओर से समस्या जस की तस बनी रहने पर वीरवार को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, एसडीएम डॉ. जितेंद्र अहलावत सहित नहर विभाग के अधिकारियों ने मौका देखकर



कनीना। उन्हाणी में रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी के लीकेज साइफन का निरीक्षण करते डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

लीकेज साइफन को दूर करने का आश्वासन दिया। बता दें कि नहर के खंडित मार्ग पर बनाए गए स्पीड ब्रेकरों से महज एक सौ मीटर पहले दादरी मोड़ पर दो स्पीड ब्रेकर पहले से ही बने हुए हैं। जगह जगह बने स्पीड ब्रेकर भी हादसों को जन्म दे रहे हैं। लंबे समय से लीकेज इस साइफन की समस्या को दूर करने के लिए डीसी ने जल्द से जल्द वाटरप्रूफिंग करवाने के निर्देश दिए। इस हादसे के बाद जिला प्रशासन नींद से जाग उठा है, जिसे देखकर नहरी साइफन दुरूस्त होने के साथ साथ सड़क मार्ग ठीक होने की उम्मीद बंधी है। जिससे नहरी पानी से होने वाली पेयजल सपलाई में भी बाधा न आए तथा सड़क भी क्षतिग्रस्त होने से बच सके। उपायुक्त ने कहा कि माइनर का सड़क क्रॉसिंग के दौरान साइफन लीकेज की समस्या को जल्द से जल्द वॉटर प्रूफिंग करवाकर कराया जाएगा। डीसी ने नहर विभाग के एक्सईएन अभिनव भार्गव को ड्रेनों की सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। इस सम्बन्ध में सभी लंबित कार्यों को बिना देरी के पूरा कराया जाएगा तथा कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को जल निकासी के लिए आवश्यक पंपों की स्थिति और उपलब्धता बारे आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करते हुए तैयारी पूरी रखने के निर्देश दिए। मानसून से पूर्व सभी तैयारियां पूरी करने को कहा। उन्होंने बाढ़ सुरक्षा के व्यापक प्रबंधों की भी समीक्षा करते हुए बाढ़ नियंत्रण से संबंधित चल रही योजनाओं को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अल्पकालिक बाढ़ नियंत्रण के सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं।

### सिंचाई मंत्री के चाबुक के भय से अधिकारी पहुंचे मौके पर

प्रदेश की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी ने नहर विभाग के विभिन्न 48 प्रोजेक्ट्स में 18 के सैंपल फेल होने पर सख्त एक्सन लिया है। माना जा रहा है कि ये जांच रैंडमली करवाई गई थी। जिसने सरकार के तंत्र को हिलाकर रख दिया। अधिकारियों व ठेकदारों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े इन प्रोजेक्ट्स कांड में संलिप्त 80 अधिकारियों के खिलाफ चार्जसीट तैयार की गई है। जिसमें एसई, एक्सईएनए एसडीओ व जेई शामिल हैं। जिन्होंने आरसीसी पाइप, सीमेंट, स्टील, रेत, पाइप की मोटाई, घनत्व, गुणवत्ता, उनके लेवल आदि में ठेकेदारों से मिलकर अनियमितताएं बरत सरकारी राशि पर हाथ साफ किया है। नहर विभाग व जिला प्रशासन के अधिकारियों की ओर से वीरवार को उन्हाणी पहुंचने का एक कारण यह भी माना जा रहा है। क्यों की इससे पूर्व कभी भी डीसी व नहर विभाग का एक्सईएन लीकेज नहरी साइफन का निरीक्षण करने के लिए नहीं पहुंचे थे, जबकि इस मामले में सीएम विंडो तक शिकायत दाखिल हुई थी।

---

## पूर्व मंत्री व विधायक ओमप्रकाश यादव ने किया उद्घाटन

# केंद्र में मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भव्य प्रदर्शनी लगाई

मोदी सरकारद ने 11 वर्ष में देश को नई दिशा दी: यादव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार के सफलतापूर्वक 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वीरवार को लघु सचिवालय के प्रांगण में अंत्योदय सरल केंद्र में एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। लगातार कई दिनों तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर फीता काटकर उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य सरकार की ओर से जनहित में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों व जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचना है। प्रदर्शनी में पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में हासिल की गई उल्लेखनीय उपलब्धियों को चित्रोंए ग्राफिक्स और सूचनात्मक सामग्री के माध्यम से दर्शाया गया है। इसमें विशेष रूप से आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय, अवसंरचना विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सुरक्षा और अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला गया है। इस अवसर पर मुख्य



नारनौल। प्रदर्शनी का उद्घाटन करते विधायक ओमप्रकाश यादव।

अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में देश को एक नई दिशा दी है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए अथक प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं ने लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन योजनाओं से न केवल लोगों के जीवन स्तर को सुधारा है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त भी बनाया है। यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ने देश की सुरक्षा व अखंडता को मजबूत करने के लिए भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस मौके पर भाजपा के जिला प्रधान यतेंद्र राव ने कहा कि यह प्रदर्शनी आगामी दिनों तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी का उद्देश्य आम जनता को सरकार के कार्यों से अवगत कराना और उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में जिला परिषद के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, सीताराम यादव के अलावा पार्टी के अन्य मौजूद थे।

### सेवा, सुशासन को समर्पित रहे मोदी के 11 सालः ओमप्रकाश

**नारनौल।** पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। यह विकसित भारत का अमृत काल है। यादव वीरवार को केंद्र में बीजेपी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद रेवाड़ी रोड स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। विधायक ने कहा कि सरकार की योजनाओं ने देश के सबसे गरीब व्यक्ति के मन में सम्मान और सुरक्षा का भाव भरा है। चाहे वह डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर हो या फिर गरीबों को बिजली, पानी, शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की बात हो, इन सभी ने जमीनी स्तर पर एक क्रांति ला दी है। यादव ने आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व में यह नया भारत है। यह भारत शांति चाहता है, लेकिन अगर मानवता पर हमला होता है, तो भारत दुश्मन को युद्धक्षेत्र में कुचलना भी जानता है। इस मौके पर यतेंद्र राव,कमलेश सैनी, सीताराम यादव, मनीष मित्तल व विकास अग्रवाल व अन्य मौजूद थे।

---

# डीसी सिंघानिया मेमोरियल मेडल के लिए आवेदन 16 जून तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

पचेरी बड़ी स्थित सिंघानिया विश्वविद्यालय में 12वीं कक्षा के टॉपर्स के लिए एक विशेष सम्मान समारोह स्टूडेंट फेलिसिटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान छात्रों को डीसी सिंघानिया मेमोरियल मेडल से सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार विश्वविद्यालय संस्थापक स्व. डीसी सिंघानिया की स्मृति में वर्ष 2024 में प्रारंभ किया गया था। यह सम्मान झुंझुनूं और महेंद्रगढ़ जिले के उन छात्रों को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने वर्ष 2025 में कक्षा 12वीं



नारनौल। स्वर्गीय डीसी सिंघानिया।

■ यह पहल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने का काम करेगी

की परीक्षा उत्तीर्ण की है। पुरस्कार के लिए आनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। छात्र स्वयं अथवा उनके विद्यालय के प्रधानाचार्य विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी मोबाइल नंबर 8764569939 पर भी संपर्क कर सकते हैं। यह पुरस्कार समग्र सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, शैक्षणिक उत्कृष्टता, सर्वश्रेष्ठ छात्रा व एनडीएसआईएस स्कूल से समग्र सर्वश्रेष्ठ छात्र को दिए जाएंगे। इसके अलावा चयनित छात्रों को डीसी सिंघानिया मेमोरियल मेडल, प्रशस्ति पत्र व 11 हजार रुपये की नकदी भी दी जाएगी। यह पहल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने के साथ-साथ उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेगी।

### घर के बाहर खड़ी बाइक ले गया चोर सीसीटीवी कैमरे में नजर आया

**धारूहेड़ा।** कापड़ीवास में चोर एक घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गया। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने फुटेज कब्जे में लेकर आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस शिकायत में चंद्रभान ने बताया कि उसकी बाइक को बेटा इस्तेमाल करता है। उसके बेटे ने मकान के बाहर खड़ी करने के बाद बाइक लॉक कर दी थी। मौका पाकर चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए। बाइक गायब मिलने के बाद आसपास काफी पूछताछ की गई, परंतु बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बाइक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। उसने अपने घर के बाहर लगा कैमरा चेक किया तो तड़के 3:24 बजे एक लड़का उसकी बाइक चोरी करते हुए दिखाई दिया।

### एचएयू के वीसी सहित सभी दोषी अधिकारियों को गिरफ्तार किया जाएः राव सुखबिंद्र सिंह

**नारनौल।** चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में छात्रों पर प्रोफेसरों, सिक्यूरिटी गार्डस और पुलिस की ओर से अवैध रूप से लाठियां बरसाने की वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व अधिक्षण अभियंता राव सुखबिंद्र सिंह ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए वीसी सहित सभी दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों की गिरफ्तारी की मांग की है। प्रेस के नाम जारी बयान में राव ने कहा है कि छात्र अपनी छात्रवृत्ति बहाल करवाने के लिए वीसी से मिलने गए थे और जब उन्हें नहीं मिलने दिया गया तो शान्तिपूर्वक धरने पर बैठे थे, जो उनका लोकतान्त्रिक अधिकार है, लेकिन विश्वविद्यालय के स्टाफ ने गुंडागर्दी करते हुए लाठियों से छात्रों के सिर फोड़ दिए। यह अपराधिक कृत्य है और ऐसा करने का किसी अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि छात्रों की मांग जायज है। छात्र केवल इतनी मांग कर रहे हैं कि छात्रवृत्ति का जो नियम पहले से चला आ रहा है, वही जारी रखा जाए, लेकिन विश्वविद्यालय का प्रशासन नियम को बदलकर केवल 25 प्रतिशत छात्रों को ही छात्रवृत्ति देने पर अड़ा हुआ है, जो प्रतिभाशाली छात्रों के साथ नाइंसाफी है। राव ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि घटना की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और तमाम दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों को गिरफ्तार किया जाए और सेवा से बर्खास्त किया जाए।



---

*कौशल योजना के तहत यदुवंशी स्कूल में हुआ सेमिनार*

# रोजगार के अवसर देने में मील का पत्थर साबित हो रही योजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

यदुवंशी स्कूल में वीरवार को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और विभिन्न कौशल विकास गतिविधियों में अपनी रूचि दिखाई। यदुवंशी ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री कौशल योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डाला और कहा कि यह योजना छात्रों को रोजगार के नए अवसर प्रदान करने में मील का पत्थर साबित हो रही है। साथ ही इस योजना के लागू करने पर दिल की गहराइयों से धन्यवाद



किया और मंच के माध्यम से आश्वस्त किया कि इस योजना के नियमों व कानून का पालन करते हुए विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करने का काम किया जाएगा। पीएमकेवीवाई प्रोजेक्ट के अध्यक्ष सुबेसिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास ही आज के युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकता है। उन्होंने छात्रों को तकनीकी शिक्षा, डिजिटल स्किल्स के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस योजना ने भारत में कौशल विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्णसिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, डॉ. राजेंद्र सिंह यादव, पवन कुमार व यदुवंशी डिग्री कॉलेज के निदेशक डॉ. प्रदीप व प्रधानाचार्य बबरूभान ने छात्रों को शुभकामनाएं दी।

---

*एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित*

# समाधान शिविर बना लोगों की शिकायतों के निपटान का सशक्त प्लेटफार्मः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

प्रशासन द्वारा प्रत्येक सोमवार और वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद रही। उपायुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की यह एक अनूठी पहल है कि समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिक एक ही छत के नीचे प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रख रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि



महेंद्रगढ़। लोगों की समस्या सुनते डीसी। फोटो : हरिभूमि

समाधान शिविर में प्राप्त शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और शिकायतकर्ता को समाधान की जानकारी भी समय रहते दी जाए। उपायुक्त ने कहा कि गांवों में पंचायतों को सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं और ग्रामीण भी गांव की सफाई व्यवस्था बनाए रखने में अपना सहयोग दे। समाधान शिविर में जमीन संबंधी विवाद, पेंशन, राशन कार्ड, जल निकासी, सड़क मरम्मत, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित कई विषयों पर 74 नागरिकों की समस्याएं दर्ज की गई हैं। इनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने जनता से इन शिविरों में सामुहिक और निजी समस्याओं के समाधान के लिए बढ़-चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसडीएम अनिल कुमार यादव, नायब तहसीलदार निशा तंवर, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास सत्र व पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

# योग न केवल प्राचीन विरासत बल्कि जीवन को दिशा देने वाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में आयुष विभाग के तत्वावधान में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में संस्थान के छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला योग विशेषज्ञ डॉ. सुधा की अध्यक्षता में योग सहायक पवन, अनिल, सुनील, अजीत, कर्मवीर द्वारा विभिन्न योगासनों का अभ्यास करवाया गया। डॉ. सुधा ने योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था के प्रधानाचार्य अनिल यादव थेद। इस




नारनौल। योग कार्यक्रम में भाग लेते बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक के छात्र व स्टॉफ।

कार्यक्रम के संयोजक योगेंद्र सिंह थे। समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य अनिल यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग न केवल भारत की प्राचीन विरासत है, बल्कि आज यह वैश्विक स्तर पर मानव जीवन को दिशा देने वाला विज्ञान बन चुका है। उन्होंने योग को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए छात्रों से अपील की कि वे न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रहे, बल्कि मानसिक रूप से भी संतुलित रहे। उन्होंने स्टाफ व विद्यार्थियों से यह भी अपील की कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर आईटीआई नारनौल में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे।

प्रधानाचार्य यादव ने पौधारोपण के महत्व पर भी प्रकाश डाला और बताया कि यह केवल एक प्रतीकात्मक क्रिया नहीं, बल्कि पृथ्वी के प्रति हमारी जिम्मेदारी का एक महत्वपूर्ण कदम है।

### सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और संतुलन लाता है योग

*इस अवसर पर डॉ. सुधा ने भी उपस्थित जनसमूह को योग के महत्व के बारे में अवगत करवाते हुए यह बताया कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन और संतुलन लाता है। साथ ही यह तनाव, चिंता और विभिन्न शारीरिक रोगों से निजात पाने में भी सहायक होता है। इस कार्यक्रम के बाद में संस्था परिसर में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के छायादार और औषधीय पौधे स्टाफ व विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए। प्रधानाचार्य ने बताया कि पौधारोपण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति बच्चों की जागरूकता बढ़ाना और हरित वातावरण को प्रोत्साहित करना है। अंत में प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कॉलेज के स्टाफ, विद्यार्थियों व आयुष विभाग की पूरी टीम का के धन्यवाद किया।*

---

### तेल के बगैर पैसे दिए ही अज्ञात वाहन फरार

**नारनौल।** गांव पवेरा की सीमा में स्थित पेट्रोल पंप से एक स्विफ्ट गाड़ी चालक तेल डलवाकर बगैर पैसे दिए ही रफूचक्कर हो गया। पम्प कर्मचारियों ने मालिक के साथ निजामपुर पुलिस को शिकायत दी, लेकिन पुलिस मौके पर पंहुचती, उससे पहले ही वाहन चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार बुधवार सायं करीब 6:25 बजे पेट्रोल पम्प पर वाहन चालक ने गाड़ी में 1400 रुपये का तेल डाल दिया, लेकिन पैसे दिए बगैर ही वहां से फरार हो गया।

**सार्वजनिक सूचना**

हम संजय कुमार पुत्र श्री फकीर चंद व कविता पत्नी संजय कुमार वासी पटीकरा तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा। बयान करते हैं कि हमारी लडकी दीपिका जो कि हमारे कहे अनुसार नहीं चलती और अपनी मनमानी करती है। इसलिए हम उसे अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा हमारी व हमारे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** मकान में घुसकर नकदी व मोबाइल चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना अटेली पुलिस ने एक और आरोपित को गढ़ी अटेली क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान मोनू वासी महासर अटेली के रूप में हुई। पुलिस ने पूछताछ में आरोपित से नकदी व मोबाइल बरामद किया है। गुजरवास अटेली क्षेत्र से एक आरोपित मनीष वासी खैरवाड़ा को गिरफ्तार किया था।

### पूर्णिमा महोत्सव पर नव निर्माण मंदिर में जागरण

**महेंद्रगढ़।** गोपाल गोशाला बुचियावाली के नवनिर्मित सालासर मंदिर में भव्य जागरण का आयोजन किया गया। बालाजी जनसेवक मंडल प्रधान प्रवीण दिवान व गौशाला के प्रधान नवीन राव ने बताया कि चैत्र सुदी पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव पर सालासर बालाजी की मूर्ति स्थापना की गई थी। उसके बाद तभी से निरंतर हर पूर्णिमा पर भव्य जागरण किया जाता हैं।

### पूर्व विधायक ने तृप्ती देवी के निधन पर जताया शोक

**कनीना।** जन्म मृत्यु, लाभ हानि, सुख दुख जैसे कार्य ईश्वर के अधीन है। ये विचार अटेली हलके के पूर्व



विधायक सीताराम यादव ने सलूनी वासी तृप्ती देवी 78 वर्ष के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए व्यक्त किए। तृप्ती देवी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। जिन्होंने बुधवार रात करीब साढ़े नौ बजे नारनौल के निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली।

### गोवंश के लिए लगाई सवामणी

**नारनौल।** गोसेवा मंडल ने श्री अनाथ गोशाला में मंडल की चौथी वर्षगांठ गोमाता को हरी चरी व दलिया खिलाकर मनाई। मंडल संस्थापक मुकेश वालिया ने बताया कि चार साल पहले अपनी शादी की सालगिरह लगाकर मंडल की शुरूआत की थी, आज मंडल 908 सवामणी गोभक्तों के सहयोग से लगा चुका है।

### पर्यावरण क्षेत्र में जागरूक करने के लिए कार्यक्रम

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में एनसीसी व एनएसएस के तत्वावधान में छात्रों के शारीरिक व मानसिक विकास तथा पर्यावरण के क्षेत्र में जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर पौधारोपण भी किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुमन यादव ने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ पर्यावरण के महत्व को रेखांकित किया।

### हीट वेव से बचाव के लिए सिहमा में लगाई छबील

**मंडी अटेली।** भीषण गर्मी में आमजन का घरों से निकला मुश्किल हो गया है, लेकिन खास कार्यों के लिए आमजन को निकलना जरूर बना हुआ है। खंड सिहमा में पंजाब नेशनल बैंक के सामने नारनौल कनीना रोड पर बाबा गोगा के नवयुवक मंडल के सदस्य एवं शिव शक्ति जनसेवा फाउंडेशन की ओर से जनहित में हीट वेव के बचाव के लिए मीठे व शीतल पेयजल की छबील लगाई।

### किसान ने हाई टेंशन लाइन पर लगाया फंदा

**नारनौल।** खेतों से गुजर रही हाईटेंशन वोल्टेज के पोल पर लटक कर एक किसान ने अज्ञात कारणों से फांसी का फंदा लगा ली। इससे उसकी मौत हो गई। जानकारी मुताबिक करीब 49 वर्षीय बनी सिंह वार्ड नं एक आजमनगर निवासी बीती शाम को घर से निकला था, लेकिन रात को वापस नहीं लौटा। जब सुबह हुई तो लोगों ने उन्हें बिजली के टॉवर पोल पर फंदे पर लटका हुआ देखा। इसकी सूचना परिजनों एवं पुलिस को दी। शव उतारने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक अपने पीछे एक बेटा छोड़ गए हैं।

---

बीते 10 दिन में नपा ने पूरा किया है अभियान, लोगों को जाम से मिलेगी राहत

# अतिक्रमण मुक्त 11 हट्टा बाजार मार्ग, नपा का माता मसानी तक चला पीला पंजा

### जेसीबी मशीन ने दुकान के बाहर बने सभी चबूतरे तोड़ दिए, मलबा हाथों-हाथ उठाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

शहर के लाइफ लाइन कहे जाने वाला करीब दो किलोमीटर 11 हट्टा बाजार वाला मार्ग वीरवार को अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया। नगर पालिका प्रशासन ने करीब 10 दिन अभियान चलाकर रोड परा बने सभी चबूतरे तोड़ दिए हैं। नगर पालिका का यह अभियान वीरवार को माता मसानी तक चलाया गया। इस दौरान जेसीबी मशीन ने दुकान के बाहर बने सभी चबूतरे तोड़ दिए हैं। समय करीब दोपहर दो बजे के बाद नपा के कर्मचारी जेसीबी मशीन के साथ भगवान परशुराम चौक पहुंचे। जेसीबी मशीन ने दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर गए चबूतरे हटाए गए। इस दौरान जेसीबी मशीन की सहायता से मलबा हाथों-हाथ उठाया गया, जिससे किसी प्रकार की परेशानी आने-जाने वाले राहगीरों को नहीं हुई। अभियान को लेकर दुकानदारों ने भी कोई ऐतराज नहीं जताया।

**जाम की स्थिति से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था**

बता दें कि कॉलेज मोड से लेकर मसानी चौक तक शहर का मुख्य बाजार का रास्ता है। लंबे समय से अतिक्रमण के कारण इस व्यस्त मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रहती थी और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब नगर पालिका प्रशासन की ओर से लगभग 2 करोड़ 81 लाख रुपये से रोड बनाया जा रहा है। इस रोड को लगभग 30 फुट चौड़ा किया जा रहा। पालिका प्रशासन रोड के बीच में आने वाले अतिक्रमण को हटवा रहा है। वह पिछले छह-सात दिनों से इस कार्रवाई में जुटा हुआ है। मंगलवार को लगभग दो बजे के बाद बजे नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। जेसीबी मशीन ने एक के बाद एक बाहर पर बने सभी चबूतरा को तोड़ दिया। यह मार्ग दो महाविद्यालय, मॉडल संस्कृति स्कूल, 148-बी से जोड़ता हैं। इसके अलावा यह मार्ग 50 से अधिक गांवों को शहर से जोड़ता है। दिनभर इस मार्ग से हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं। टूटी सड़क के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस मार्ग पर 500 से अधिक दुकान हैं, जिसके कारण आमजन, दुकानदारों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के लोगों की मानें तो करीब 20 वर्ष पहले इस मार्ग पर सड़क का निर्माण हुआ था। इसके बाद नगर पालिका ने इस मार्ग की कभी सुध नहीं ली। सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लोगों को काफी फायदा मिलेगा।



**महेंद्रगढ़।** चबूतरे तोड़ती जेसीबी मशीन। *फोटो : हरिभूमि*

**अतिक्रमण से लगता है जाम**

नगर पालिका द्वारा वीरवार को माता मसानी की ओर जाने वाले मार्ग का अतिक्रमण हटाया गया हैं। अतिक्रमण के कारण बाजार में जाम की स्थिति रहती है। अतिक्रमण हटने के बाद सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर निर्माण कराया जाएगा। इससे दुकानदारों को भी फायदा मिलेगा।
-रमेश सैनी
नपा के प्रधान

---

बुधवार की रात को शहर में करीब चार घंटे गुल रही बिजली

# भीषण गर्मी में दगा दे रही है बिजली आमजन का जीना हुआ बेहाल

बिजली निगम कर रहा है 24 घंटे बिजली देने का दावा, लेकिन रात के समय हो रही है, चार से पांच घंटे की कटौती।



हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

बिजली की अघोषित कटौती से शहर से लेकर गांव तक हाहाकार मचा हुआ है। शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति के दावे यहां हवा-हवाई साबित हो रहे हैं। शहर में रात व दिन में कई बार कटौती की जा रही है, इससे लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। शहर में आपूर्ति का शेड्यूल वैसे तो 24 घंटे है, लेकिन शेड्यूल के अनुसार लोगों को बिजली नहीं मिल पा रही है। इससे महेंद्रगढ़ डिवीजन के उपभोक्ता इन दिनों काफी परेशान हैं। दिन में कटौती तो हो रही रही है, रात में बिना किसी रोस्टिंग के कटौती होने से गर्मी से लोग बिलबिला रहे। रात की नींद पूरी नहीं हो रही है। वहीं दिन में कटौती से लोगों का सुकून छिन गया है। बुधवार रात में शहर से जुडे फीडर से कई मोहल्लों में कई बार बिजली काट दी गई। यही हाल दिन में भी रहा।

**दिनभर बाजार सुनसान**

पिछले कुछ दिनों से जिला का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। 43 डिग्री के साथ तपी धरती, लोग गर्मी से हुए बेहाल नौतपा खत्म होने के बाद सूर्यदेव की तपन बढ़ती जा रही है। बदन झुलसा देने वाली धूप व भीषण गर्मी से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। दिन में नौ से लेकर शाम पांच बजे तक लोग घरों से निकलना मुनासिब नहीं समझते। वहीं तेज धूप होने के कारण दुकानों पर ग्राहकों न आने बाजार में सन्नाटा पसरा रहता है। मौसम विभाग की मानें तो अभी आने वाले 14 जून तक तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार के बाद अधिकतम गिरावट देखने को मिल सकती है।

**पढ़ाई प्रभावित**



मोहल्ला महायचान निवासी अशोक लोमरोर का कहना है कि गर्मी बढ़ते ही बिजली की समस्या आने लगती है। आजकल क्लासेज आनलाइन ली जाती है। इससे पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

**कामकाज हो रहा है प्रभावित**



शहर निवासी अशोक जागड़ा ने बताया कि बिजली ने तो कमाल कर दिया है। सुबह उठते ही पीने का पानी भरने को टेंशन रहता है, तो शाम में खाना बनाने में दिक्कत आती है। कोई भी काम सही ढंग से निबट नहीं पाता। गृहिणियों को बड़ी परेशानी हो रही है।

**इन्वर्टर भी नहीं हो रहे चार्ज**



शहर निवासी विकास तिवाड़ी का कहना है कि बार-बार बिजली ट्रिप करने से व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। बार-बार बिजली आने-जाने से इन्वर्टर भी सही से चार्ज नहीं हो पाता। इन्फोरमेटिक्स और टेक्नोलाजी आधारित काम में लगातार बिजली की जरूरत पड़ती है।

**कई बार आ रही वोल्टेज कम**



शहर निवासी संदीप कुमार का कहना है कि गर्मी में बिजली जरूरी हो गयी है। पंखा, कूलर से ही थोड़ी राहत मिलती है। लेकिन लो वोल्टेज में बिजली के ये उपकरण भी सही से नहीं चल पाते हैं। पंखा और कूलर की पत्तियां हवा नहीं करती हैं। गर्मी में बदहाली का आलम है।

---

# राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली में योग शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली ब्लॉक में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व अभ्यास के लिए उच्चतर शिक्षा निदेशालय आयुष विभाग तथा जिला प्रशासन महेंद्रगढ़ के आदेश अनुसार योग का विस्तार करने व छात्र-छात्राओं एवं ब्लॉक के सभी अधिकारियों कर्मचारियों के शारीरिक, मानसिक व पर्यावरण की मूल भावना विकसित करने के लिए सामूहिक रूप से राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया। यह 12 से 14 जून तक चलने वाले तीन दिवसीय योग शिविर में राजकीय महाविद्यालय अटेली के एनसीसी कैडेट्स, छात्र-छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार सैनी ने संबोधित करते हुए कहा कि योग करने से प्रत्येक व्यक्ति का शारीरिक व मानसिक विकास होता है और अधिकांश बीमारियों से छुटकारा मिलता है। प्रतिदिन योग के लिए समय निकालना की अपील की। आयुष विभाग द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार योग क्रियाएं करवाई गई। योग के माध्यम से हम हाइपरटेंशन, ब्लड प्रेशर, शुगर व हार्ट संबंधी बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं।




**मंडी अटेली।** योग की विभिन्न क्रियाएं करने वाले बच्चे एवं महाविद्यालय स्टाफ।

## शारीरिक, मानसिक व आत्मिक स्वास्थ्य का संगम है योग

- श्रीराम सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

श्रीराम सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित 21 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर में जेआरसी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर डॉ. सीएस वर्मा प्रभाकर ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है, जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि योग शरीर को मजबूत बनाता है और मन को शांति और स्थिरता प्रदान करता है। योग शिविर में उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि सच्चाई, ईमानदारी, और सहानुभूति जैसे मूल्य हमारे जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने में मदद करते हैं। इसलिए हमें योग के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक योग गुरु ओमप्रकाश चौहान ने कहा कि योग से समग्र स्वास्थ्य में सुधार होता है। इसलिए हमें योग का नियमित रूप से अभ्यास करना चाहिए।



**मंडी अटेली।** योग प्रशिक्षण शिविर में योगाभ्यास करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

### स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती की मनाई पुण्यतिथि

**महेंद्रगढ़।** स्वर्गीय स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती की पुण्यतिथि एवं मूर्ति अनावरण का कार्यक्रम स्वामी ब्रह्मानंद प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र योगस्थली आश्रम बुचौली रोड पर किया गया। पुण्यतिथि एवं मूर्ति अनावरण का कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, रेवाड़ी के पूर्व न्यायधीश इंद्र सिंह बोहरा,संतमत आश्रत सोहला के महाराज आनंद स्वरूप, आर्य समाज प्रधान भूपेंद्र आर्य, जिला वेद प्रचार मंडल के उपमंत्री सत्य प्रकाश आर्य उपस्थित रहे। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि संत महापुरुष राष्ट्र का गौरव हैं। गुरु शिष्य परंपरा संपूर्ण विश्व में भारत को महान बनाती है।

---

# गांवों के ब्लॉक हस्तांतरण में देरी को लेकर सांसद से की मुलाकात

- सांसद ने लिखा पंचायत मंत्री एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

दस गांवों के ब्लॉक हस्तांतरण में हो रही देरी को लेकर विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात की। संदीप मालड़ा ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व कनीना में आयोजित हुए सांसद संवाद कार्यक्रम में लगभग एक दर्जन गांवों की पंचायत ने सांसद को एक सामूहिक मांग पत्र सौंपकर निवेदन किया था कि उनके गांवों को कनीना ब्लॉक से हटाकर महेंद्रगढ़ ब्लॉक में शामिल किया जाए। इसके उपरांत सांसद ने जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर इस बारे फाइल बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजने बारे कहा। तत्कालीन जिला उपायुक्त ने इस बारे में केस बनाकर चंडीगढ भेज दिया। पंचायत महानिदेशक ने इस पर कुछ बातों को लेकर स्थिति स्पष्ट करने बारे कहा जिस पर जिला उपायुक्त की तरफ से सितंबर 2024 में सभी पहलुओं को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए पत्र भेज दिया। लंबा समय बीत जाने के बाद भी इस बारे कोई कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। इसी विषय को लेकर दिल्ली पहुंचकर सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात की तथा इस कार्य में तेजी लाने बारे निवेदन पत्र सौंपा। सांसद धर्मबीर सिंह ने हरियाणा के पंचायत मंत्री को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि दस गांवों की पंचायत लंबे समय से इस समस्या को लेकर परेशान हैं।



**महेंद्रगढ़।** सांसद को पत्र सौंपते संदीप मालड़ा। *फोटो : हरिभूमि*

# कुलताजपुर रोड पर बिजली लाइन बन रही खतरा

- अधिकारियों से शिकायत भी की लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बिजली निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की अकर्मण्यता के चलते कुलताजपुर रोड पर नहर के साथ लगी बिजली की लाइनें खतरा बनी हुई हैं। कमाल की बात यह है कि इसकी अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ।

जागरूक उपभोक्ता संजय मान ने बताया कि कुलताजपुर रोड पर नहर के साथ बिजली की लाइन से लिपटी हुई पेड़ों की टहनियों को हटाने के लिए एक प्रार्थना पत्र सिंघाना रोड पर रेस्ट हाउस के सामने बने कार्यालय में दो जून को एसडीओ के नाम दिया गया था, जिसका डायरी नंबर 1373 है। जिस पर 5 जून को फोन करके बताया गया कि वह लाइन हमारे अंतर्गत नहीं आती है और महावीर चौक पर बने हुए कार्यालय में अपना प्रार्थना पत्र जमा करवाएं। 5 जून को फिर एक एप्लीकेशन दोबारा महावीर चौक पर बने बिजली निगम के कार्यालय में एसडीओ के नाम एक प्रार्थना पत्र दिया गया और बिजली की तारों में फंसी हुई टहनियों को हटाने की मांग की, जिसका डायरी नंबर 517 है।



**नारनौल।** कुलताजपुर रोड पर टहनियों में फंसी बिजली लाइन। *फोटो : हरिभूमि*

**किसी अनहोनी का जिम्मेदार कौन होगा!**

उन्होंने बताया कि अब 12 जून को लाइनमैन का फोन आया है कि उन्हें मौका दिखाया जाए। मौके पर दो कर्मचारी आए भी। कर्मचारियों ने संबंधित जेई से क्या बात की और फिर जेई ने फोन पर उनसे बात की। जेई ने बताया कि यह लाइन तो बंद पड़ी हुई है। आप इन्हें खुद के लेवल पर अपने आदमी लगवा कर उनकी टहनियों को कटवा सकते हैं। जब उनसे कहा कि यह तो संबंधित आपके विभाग का काम है। यदि कल को किसी प्रकार की अनहोनी होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। हमारे प्रार्थना पत्र लिखकर दे दो कि यह लाइन बंद पड़ी हुई है और इसमें कोई जोखिम भरा कार्य नहीं है तो तुरंत जेई साहब ने मना कर दिया कि वह कुछ भी लिखकर नहीं दे सकते।

---

खातीपुरा फेज द्वितीय चरण कार्य प्रगति पर

# रेल सेवाएं रहेंगी रद और मार्ग परिवर्तित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

उत्तर पश्चिम रेलवे पर जयपुर मण्डल के खातीपुरा स्टेशन यार्ड में खातीपुरा फेज द्वितीय चरण कार्य (पिट लाइन) के अन्तर्गत तकनीकी कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण गाड़ी संख्या 09635 जयपुर-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा 13 जुलाई को रद्द रहेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 09636 रेवाड़ी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा 13 जुलाई को रद्द रहेगी। मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं (प्रारम्भिक स्टेशन से): गाड़ी संख्या 14322 भुज-बरेली रेलसेवा 12 जुलाई को भुज से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग फुलेरा-जयपुर-रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीम का थाना, नारनौल व अटेली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 15014 काठगोदाम-जैसलमेर रेलसेवा 12 जुलाई को काठगोदाम से प्रस्थान करेगी, यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-जयपुर-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीम का थाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करगी।

---

कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने दाखिले का पोस्टर जारी किया

# दूरस्थ पाठ्यक्रमों के जुलाई सत्र के लिए दाखिले शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में ओपन डिस्टेंस लर्निंग के अंतर्गत तीन नए डिस्टेंस एजुकेशन पाठ्यक्रम एमए जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, एमए हिंदी व एमकॉम में जुलाई सत्र 2025 के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने वीरवार को एडमिशन पोस्टर जारी किया। विश्वविद्यालय में ये तीनों पाठ्यक्रम डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी), विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा ओपन डिस्टेंस प्रोग्राम के अंतर्गत उपलब्ध कराए जा रहे हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इन पाठ्यक्रम के माध्यम से अध्ययन के नए विकल्प उपलब्ध कराएं जा रहे हैं। कुलपति ने कहा कि दक्षिण हरियाणा व इससे सटे राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले युवाओं के लिए ये पाठ्यक्रम उच्च शिक्षा प्राप्त करने का एक सुनहरा अवसर है। कुलपति ने बताया कि डिस्टेंस एजुकेशन कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार तैयार किए गए हैं।




**महेंद्रगढ़।** दाखिले का पोस्टर जारी करते कुलपति प्रो . टंकेशवर कुमार।

**इन पाठ्यक्रम में पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड आनलाइन एजुकेशन के निदेशक प्रो. सिंगारा सिंह ने बताया कि सभी उपलब्ध पाठ्यक्रम के लिए सेल्फ लर्निंग मेटिरियल विश्वविद्यालय के शिक्षकों व अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के शिक्षकों द्वारा तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि ये पाठ्यक्रम विकल्प आधारित क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस), उद्योग उन्मुख विशेषता व नियमित उपाधि के समतुल्य हैं। साथ ही इन पाठ्यक्रम में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को शिक्षा शुल्क से छूट प्राप्त है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा तीनों पाठ्यक्रम में जुलाई सत्र के लिए प्रवेश के लिए पंजीकरण कर किया जा सकता है। इन पाठ्यक्रम में पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। इस संबंध में विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।